# कलेक्टर ने 228 एकड़ जंगल की जमीन के निजी पट्टे निरस्त करने शुरू की कार्रवाई

## बिना सक्षम स्वीकृति के करोड़ों की जंगल मद की जमीन कलेक्टर ने निरस्त करने नोटिस जारी कर 15 सितंबर को जबाव प्रस्तुत करने दिए आदेश

नवभारत न्यूज

**पन्ना ,29 अगस्त। कलेक्टर पन्ना ने जंगल मद की जमीन को बिना सक्षम स्वीकृति के निजी व्यक्तियों द्वारा हथियाने के मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुये कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार ने 228 एकड़ जमीन कीमती अरबों रूपये को यथावत जंगल मद मे जमीन दर्ज कराने आदेश जारी किये गये हैं।**

कलेक्टर पन्ना ने इसके लिए तीन लोगों को कारण बताओं नोटिस बताओं जिसमें धरमू पिता भरोसे कुर्मी निवासी सुनहरा तहसील पन्ना, मुन्ना कुशवाहा पिता गया प्रसाद कुशवाहा निवासी पुरूषोत्तमपुर तहसील पन्ना तथा श्रीकांत दीक्षित पिता भास्कर दीक्षित निवासी टिकुरिया मोहल्ला पन्ना को वन विभाग की जमीन को बिना सक्षम स्वीकृति के अपने नाम कराने के मामले मे कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 15 सितंबर को जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पन्ना द्वारा तहसीलदार पन्ना ने प्रतिवेदन दिनांक 20 अगस्त को मूलतः प्रस्तुत करते हुए लेख किया है कि ग्राम पन्ना स्थित भूमि सर्वे नम्बर 520 रकवा 228.71 एकड़ अर्थात 92.5576 हे. मिसल बंदोबस्त वर्ष 1955-56 में म.प्र. शासन, वर्ग 9/5, जंगल मद में दर्ज है। कि वर्ष 1955 - 56 से वर्ष 1962-63 तक खसरा नम्बर 520 रकवा 228.71 एकड़ म.प्र. शासन जंगल मद में दर्ज है।



वर्ष 1969-70 से वर्ष 1998-99 तक खसरा नम्बर 520/12 रकवा 10.00 एकड़ अर्थात 4.047 हे. धरमू पिता भरोसे कुर्मी निवासी पन्ना के नाम पर खसरा के कालम नंबर 3 में दर्ज है किन्तु खसरा के कालम नंबर 12 में सक्षम अधिकारी के आदेश की टीप अंकित नहीं है। वर्ष 1999-2000 से वर्ष 2003-04 तक का खसरा नगर निरीक्षक कोतवाली पन्ना में जब्त है एवं वर्ष 2004-05 से वर्ष 2008-09 तक का खसरा जीर्ण-शीर्ण है। वर्ष 2009-10 से वर्ष 2018-19 तक उक्त भूमि धरमू पिता भरोसे कुर्मी निवासी पन्ना के नाम पर यथावत दर्ज है। वर्ष 2019-20 में उक्त भूमि न्यायालय तहसीलदार पन्ना के आदेश दिनांक 19 जुलाई 2019 द्वारा मुन्ना कुशवाहा पिता गया प्रसाद कुशवाहा के नाम एवं न्यायालय तहसीलदार पन्ना के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2019 द्वारा श्रीकांत दीक्षित पिता भास्कर दीक्षित निवासी टिकुरिया मोहल्ला पन्ना के नाम दर्ज हुई है, जो वर्ष 2025-26 तक यथावत श्रीकांत दीक्षित के नाम दर्ज है। प्रतिवेदन के साथ पटवारी प्रतिवेदन, वर्षवार खसरा विवरण व खसरा प्रतिलिपित प्रस्तुत की है। तहसीलदार पन्ना एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पन्ना द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों का अवलोकन करने से प्रथम दृष्ट्या प्रकट होता है कि खसरा वर्ष 1969-70 में सर्वे नंबर 520/ 12 रकवा 10.00 एकड़ अर्थात 4.047 हे धरमू पिता भरोसे कुर्मी निवासी पन्ना के नाम पर खसरा के कालम नंबर 3 में दर्ज है किन्तु खसरा के कालम नंबर 12 में किसी सक्षम अधिकारी के न्यायालय का नाम, प्रकरण क्रमांक एवं आदेश दिनांक की टीप अंकित नहीं है।

उक्त प्रविष्टियां फर्जी परिलक्षित होती है। यदि भूमि शासन से वंटित हुई है तो क्या बंटिती द्वारा विक्रय करने के पूर्व म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) के तहत प्राप्त भूमि विक्रय का अनुमति ली है। साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि प्रश्नाधीन भूमि सर्वे नंबर 520 वर्ष 1955-56 की मिसल बन्दोवस्त में जंगल मद में दर्ज थी। उक्त संबंध में अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, वन विभाग के पत्र क्रमांक 7/0314/2025 भोपाल, दिनांक 05 जून 2025 के संलग्न सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के विविध याचिका क्रमांक 202 / 95 गोदावर्मन विरूद्ध भारत शासन एवं अन्य की रिट पिटीशन नंबर 301 / 2008 के अंतर्गत आई.ए.नं. 9108 / 2024 में जारी निर्णय दिनांक 15 मई के अवलोकन से स्पष्ट है कि राजस्व वन श्रेणी की भूमि का अन्यथा उपयोग नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार प्रश्नाधीन भूमि का कृषि हेतु वंटन किया जाना भी संभव नहीं है। अतः क्यों न फर्जी प्रविष्टि होने व अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, वन विभाग के पत्र 7 /0314 / 2025 भोपाल, दिनांक 05 जून 2025 के संलग्न सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के विविध याचिका क्रमांक 202 / 95 गोदावर्मन विरूद्ध भारत शासन एवं अन्य की रिट पिटीशन नंबर 301 / 2008 के अंतर्गत आई.ए.नं. 9108 / 2024 में जारी निर्णय दिनांक 15 मई 2025 के परिप्रेक्ष्य में प्रश्नाधीन सर्वे नंबर 520 / 12 रकवा 10.00 एकड़ अर्थात 4.047 हे. भूमि पुनः शासकीय, म.प्र. शासन दर्ज किया जाए।

कलेक्टर पन्ना द्वारा नोटिस ग्रहीताओं को अपना पक्ष प्रस्तुत करने, उत्तर देने तथा उन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं, के लिए दिनांक 15 सितंबर 2025 को समय 11.00 बजे से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए आहूत किया जाता है।



# बम्होरी गांव में डायरिया से 2 दिन में 5 की मौत, मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अगस्त। रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम बम्होरी में उल्टी दस्त के प्रकोप से 2 दिन में 5 की मौत से हड़कंप मच गया है। मृतकों में सेवक (32), राधाबाई (30), कंछेदी (45), मंसो (16) और मुन्नीबाई (60) बताए गए हैं।**

अचानक आई आफ्त से पूरे गांव में दहशत कायम है। बताया गया है कि विगत 7 दिनों से लगातार गांव के लोग बीमार पड़ रहे थे लेकिन किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में आधा सैकड़ा से अधिक लोग बीमार बताई जा रहे हैं। 2 दिनों के अंदर 5 मौतों के बाद गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम बम्होरी पहुंची। सीएमएचओ डॉ. राजेश तिवारी स्वयं मौके पर पहुंचे और घर-घर सैंपल करवा कर बीमार व्यक्तियों को चिन्हित कर दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि वह सप्ताह भर से बीमारी से जूझ रहे थे, लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिससे 5 लोगों को जान गंवानी पड़ी। फिलहाल टीम गांव में डेरा डाले हुए है और बीमारी को रोकने के लिए जांच और उपचार में जुटी है।

## संयुक्त कलेक्टर कुशल गौतम के स्थानांतरण पर हाईकोर्ट ने दिया स्टे, पन्ना में दी उपस्थिति

पन्ना 29 अगस्त। गत 4 अगस्त को मप्र शासन द्वारा पन्ना मे पदस्थ संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम का स्थानांतरण सैंकडों किमी दूर बालाघाट कर दिया गया था। जिसके विरूद्ध उन्होंने हाईकोर्ट मे याचिका दायर की थी जिसका कल हाईकोर्ट जबलपुर के न्यायाधीश मनिंदर सिंह भाटिया की बेंच द्वारा उनके स्थानांतरण पर स्थगन आदेश पारित किया गया है। ज्ञात हो कि श्री गौतम की कार्यप्रणाली से कुछ खनन माफिया एवं सत्ताधारी दल के राजनेता एवं जनप्रतिनिधि नखुश थे जिसको लेकर ऐसी चर्चाएं थी इसलिए उनका स्थानांतरण सैंकड़ों किमी दूर बालाघाट किया गया था। स्थगन आदेश मिलने पर आज संयुक्त कलेक्टर श्री गौतम ने कलेक्टर कार्यालय जाकर स्थगन आदेश की प्रति संलग्न कर अपनी उपस्थिति का पत्र सौंपा दिया है।



# ढाई लाख रुपए लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अगस्त। विगत 19 जून को फरियादी विनोद कुमार पटेल, निवासी ग्राम सिमरी, थाना देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना, ने थाना देवेन्द्रनगर आकर सूचना दी कि उसने और उसके पिता ने बैंक पन्ना से 02 लाख 40 हजार रुपये निकाले और लेकर सब्जी मंडी देवेन्द्रनगर पहुंचे।**

पैसे से भरा बैग लूना मोटरसायकिल गाड़ी की डिग्गी मे रखा था। तभी एक मोटरसाइकिल से दो अज्ञात व्यक्ति आये और बैग चोरी कर सलेहा रोड की ओर भाग गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा थोटा द्वारा थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर आर ए सोनकर के नूत्रत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बड़ागांव वेयरहाउस के पास से घटना मे शामिल तीन संदिग्ध आरोपियों, सलमान मोगिया, रवे मोंगिया एवं आशु मोंगिया को घेराबंदी कर हिरासत मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर उक्त आरोपियों द्वारा उक्त घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपये नगदी बरामद की गई। आरोपियों ने इस घटना के अलावा थाना अमानगंज क्षेत्र से दिनांक 02 जून को बैंक से रुपये निकाल कर जा रहे फरियादी का पीछाकर मोके का फायदा उठाकर 40000 रूपये से भरे बैग चोरी की घटना किये जाना स्वीकार किया गया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम : क्रीड़ा से करियर तक युवा प्रेरणा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अगस्त। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में 29अगस्त 2025 हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विषय क्रीड़ा से करियर तकः राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा प्रेरणा विषय पर कार्यशाला का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मेजर ध्यानचंद की चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी, मुख्य अतिथि पर्वतारोही एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की



ब्रांड एम्बेसडर सुश्री गौरी अरजरिया, एवं इस कार्यक्रम के संयोजक, स्पोर्ट्स ऑफिसर एवं मुख्य वक्ता डॉ. धर्मेंद्र यादव, तथा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल सहित विशिष्ट प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य उद्बोधन में डॉ. एस.डी.चतुर्वेदी ने कहा - खेल केवल शरीर को ही नहीं बल्कि चरित्र को एवं विचारों को भी स्वस्थ रखते है। खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य और संघर्ष का पाठ पढ़ाते हैं। अतः सभी को किसी न किसी रूप से खेलों से जुड़ा रहना चाहिए। मुख्य अतिथि गौरी अरजरिया ( पर्वतारोहण) ने अपनी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किलिमंजारो की चोटी पर साड़ी पहनकर फहराया गया तिरंगा केवल मेरा गौरव नहीं बल्कि हर भारतीय नारी की शक्ति का प्रतीक है। खेल हमें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. धर्मेंद्र यादव क्रीड़ा अधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा खेल के मैदान से करियर की दिशा भी तय की जा सकती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला एवं महाविद्यालयीन स्तर पर क्रीड़ा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त50से अधिक खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सिद्धू सिंह, डॉ. राम मोहन तिवारी, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. धरमू कुशवाहा, डॉ. नंद कुमार पटेल, डॉ. शुभम पाठक, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. प्रदीप रावत, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. सूरज पटेल, डॉ. पुष्पराज चौरसिया तथा शोधार्थी शालिनी दहायत सहित 160से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही। इस दौरान प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि कु.गौरी अरजरिया ने महाविद्यालय में चल रहे 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कोर्स का भी निरीक्षण किया।

## डॉक्टर व पैथोलॉजी संचालकों की मिलीभगत से लुट रहे मरीज

गुनौर/पन्ना 29 अगस्त। स्वास्थ विभाग में शासन की उपलब्ध व्यवस्थाएं दम तोड़ रही है। गुनौर कस्बा में वर्तमान में कई पैथोलॉजी संचालित हैं। इन पैथोलॉजी संचालकों के पास कौन कौन सी जांच करने की डिग्रियां एवं अनुभव हैं यह स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार ही बता सकते हैं। किंतु यह जरूर देखने में आया है कि मरीज को चाहे कोई भी बीमारी ना हो परंतु जांच में दो-तीन बीमारियां निकलना निश्चित है और यह गुनौर में डॉक्टरो एव पैथोलॉजी संचालकों की मिलीभगत का खेल है। जो जांचें प्राइवेट पैथोलॉजी में कराने के लिए मरीज मजबूर है वहीं जांच अस्पताल में भी उपलब्ध हैं किंतु उनका लाभ मरीजों को क्यों नहीं मिल रहा है। इन पैथोलॉजी संचालकों एवं डॉक्टरों की गठजोड़ का खामियाजा गरीब पिछड़े तबके के साथ मजबूरी में हर व्यक्ति भुगत रहा है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुईं खेल प्रतियोगिताएं

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अगस्त। हॉकी के पूर्व खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।**

इस दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स 100 मीटर, गोला फेंक, भाला फेंक, खो-खो एवं कबड्डी के बालक-बालिका वर्ग में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उपस्थितजनों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ भी दिलाई गई। छत्रसाल स्टेडियम में 30 अगस्त को मलखम्ब एवं बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता होगी, जबकि रविवार, 31 अगस्त को सुबह 8 बजे स्थानीय छत्रसाल पार्क से जागरूकता साईकिल रैली निकाली जाएगी।

### खेल प्रतियोगिताओं के ये रहे विजेता

छत्रसाल स्टेडियम में शुक्रवार को संपन्न एथलेटिक्स 100 मीटर बालक वर्ग में यशवंत ने प्रथम, रवि सिंह ने द्वितीय एवं शरद तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में काजल कुशवाहा प्रथम, श्रृष्टि सिंह द्वितीय एवं श्रेया सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अक्षत तिवारी ने प्रथम, ओम गुप्ता ने द्वितीय और हर्षित खरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रिंसी खंगार प्रथम, श्रेया शर्मा द्वितीय एवं श्रद्धा पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहीं। भाला फेंक के बालक वर्ग में सत्यम सिंह गौर ने प्रथम, शुभ सिंह ने द्वितीय एवं हरिनारायण यादव ने तृतीय तथा बालिका वर्ग में त्रिवेणी वर्मा ने प्रथम, प्रिंसी खंगार ने द्वितीय और काजल कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में पांच दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान आयोजित किया गया

## नशामुक्त युवा और नशे के दुष्परिणाम एवं रोकथाम के उपाय जैसे विषयों पर रखे गए विचार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अगस्त। संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर जिला पन्ना के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 25 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विविध जन-जागरूकता गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।**

आज के समय में नशा समाज और राष्ट्र के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। विशेषकर युवा वर्ग, जो देश का भविष्य है, अक्सर नशे की चपेट में आकर अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और जीवन बर्बाद कर देता है। इसी संदर्भ में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, पन्ना ने 25 से 29 अगस्त तक यह अभियान बड़े उत्साह और गंभीरता के साथ




आयोजित किया। नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता से अभियान की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों ने नशा समाज की सबसे बड़ी चुनौती, स्वस्थ भारत की दिशा में नशामुक्त युवा और नशे के दुष्परिणाम एवं रोकथाम के उपाय जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

अभियान के द्वितीय दिवस रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमे छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशे के खिलाफसंघर्ष और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को दर्शाया गया। कई रंगोलियों में नशा छोड़ो जीवन जोड़ो और स्वस्थ मन, स्वस्थ तन जैसे संदेश अत्यंत प्रभावशाली रहे। तृतीय दिवस चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता से कुछ चित्रों में नशे से जकड़ा हुआ युवा दिखाया, तो कुछ में खेलकूद, शिक्षा और परिवार के साथ आनंदित जीवन जीते हुए युवा का चित्रण किया गया। इन चित्रों ने स्पष्ट संदेश दिया कि नशा व्यक्ति के वर्तमान और भविष्य दोनों को नष्ट कर देता है।

अभियान के चतुर्थ दिवस वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी जो अभियान का सबसे रोचक और विचारोत्तेजक हिस्सा रही। अंत में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफने मिलकर जन-जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर अस्पताल चौराहे होकर पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। कार्यक्रम समन्वयक संस्था की श्रीमति वर्षा प्रजापति, व्याख्याता कम्प्युटर साइन्स तथा सह समन्वयक अतिथि व्याख्यातगण श्रीमति मोनिका गुप्ता, श्रीमति रुचि खरे, श्रीमति शायना परवीन, श्रीमति नीलोफर जहाँ, श्रीमति पूजा खरे, अंशुमन रैले, संतोष साहू, कौशल कोरी, अमित ताम्रकार रहे।

# गरीबों की झोली का अनाज पहुंच रहा अमीरों की तिजोरी में

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अगस्त। खाद्यान्न वितरण में पन्ना जिले के जिम्मेदार रखवालों द्वारा की जा रही व्यापक पैमाने में अनियमितता पन्ना जिले के ग्राम पंचायत, नगर पंचायत विभिन्न क्षेत्रों मे गरीबों को शासन की योजना शुल्क एक रुपए किलो गेंहू चावल एवं प्रधानमंत्री निःशुल्क प्रदान खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है किंतु इस वितरण में खाद्य विभाग के अधिकारी के साथ है।**

समिति प्रबंधकों प्रशासकों की मिलीभगत स्पष्ट प्रतीत होती है जहां विक्रेताओं द्वारा अंगूठा लगवा कर खाद्यान्न वितरण नहीं किया जा रहा है। इस खाद्यन्न में कई सामाजिक कार्यकर्ता का चोला ओढ़े हुए व्यक्तियों द्वारा शिकायत कर अपने निजी स्वार्थो की पूर्ति की जा रही है। निगरानी समिति भी अपने दायित्वों से पूर्ण रूप उदासीन है शासन के नियमानुसार उचित मूल्य दुकान के खुलने के समय अंगूठा उपरांत खाद्यान्न वितरण का नियम है किंतु इन नियमों की अनदेखी करते हुए अंगूठा घर घर जाकर लगवा लेते हैं और कोई रसीद नहीं देते हैं। वहीं पन्ना जिले में विक्रेता संचालक इन सभी के द्वारा पात्रता अनुसार पात्रता कार्यो को वंचित किया जा रहा है। परिवहनकर्ता नागरिक आपूर्ति विक्रेता प्रशासक की भूमिका के कारण खाद्यान्न गरीबों की झोली में नहीं पहुंच पा रहा है और अमीरों की तिजोरियों में पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा केवल अभिलेखों तक ही सीमित है।

हर समितियों के संधारित अभिलेख वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर शिकायत पुस्तिका राशन कार्ड का अवलोकन केवल जांच के दौरान अभिलेखों तक ही सीमित है जनता इस संबंध में जिला प्रशासन प्रदेश के मुखिया का समाचार पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया है।

# आजीविका मिशन के भवन का हुआ शुभारंभ

## पवई विधायक ने फीता काटकर किया भवन का उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**पवई 29 अगस्त। प्रदेश भर में आजीविका मिशन के द्वारा विभिन्न प्रकार की रोजगार मूलक और महिलाओं को आत्म निर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए योजनाएं संचालित हैं। पन्ना जिले के पवई में भी आजीविका मिशन के द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है।**

इसी के लिए कटनी रोड पर आजीविका मिशन के लिए आर ई एस विभाग के द्वारा 50 लाख की लागत से बनाए गए नवीन भवन उद्घाटन कार्यक्रम में गुरुवार को पवई विधायक प्रहलाद लोधी की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में पवई विधायक ने फीता काटकर नवीन भवन का उद्घाटन किया इसके बाद कार्यक्रम में आई हुई सैकड़ों बहिनों को



मिशन से जुड़ी हुई रोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक प्रहलाद लोधी और जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ने सभी को एक बगिया मां के नाम योजना के बारे में बताया जिसका सीधा फायदा स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति बनाने में सहायक होगी। पवई विधायक ने भी कहा कि हम सभी को पेड़ लगाने चाहिए जिससे पर्यावरण संतुलित होगा और हमारी धरती हरी-भरी रहेगी। इस अवसर पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा,जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, जिला परियोजना अधिकारी संजय सिंह एसडीएम समीक्षा जैन एसडीओपी भावना सिंह दांगी थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया आजीविका मिशन के मैनेजर दिनकर गर्ग के साथ जनप्रतिनिधि पत्रकारगण एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

# जरुरतमंद व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करें : सुरेश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अगस्त। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

इस मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभियान के उद्देश्य सेवा, समर्पण और संकल्प के माध्यम से अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम का 7 विभागों सहित एनजीओ के सहयोग से संचालन किया जाएगा। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुए प्रोग्राम सह वर्कशॉप में संबंधित विभागों के



जिला स्तरीय मास्टर टेऊनर्स ने विकासखंड व ग्राम स्तर तक अभियान के संचालन और निर्धारित कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया।

इन मास्टर टेऊनर्स द्वारा गत दिवस भोपाल में चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मिली उपयोगी जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि अब विभाग के विकासखंड स्तरीय आदि कर्मयोगी अधिकारियों के दल को 30 एवं 31 अगस्त तथा 1 सितम्बर को जिला मुख्यालय पन्ना में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा वास्तविक जरूरतमंद हितग्राही की पहचान सहित उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के मौके पर कहा कि शासन की मंशानुसार जनजातीय वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान के लिए समाज के जागरूक लोगों का चयन करें।

इसके माध्यम से आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के साथ ही मुख्य धारा में शामिल करने का हरसंभव प्रयास किया जाए। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चयनित 108 ग्राम एवं कलस्टर्स में 7 व्यक्तियों के आदि सहयोगियों का समर्पित वर्ग भी तैयार करें। गत जून माह में इन ग्रामों में विभिन्न योजनाओं के सेचुरेशन से वंचित शेष लोगों तक आसानी से योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही करें।

इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों के प्रस्ताव समय पर प्रस्तुत करने और ग्राम की आवश्यकताओं का आकलन करने की बात भी कही। बैठक में वनमंडलाधिकारी दक्षिण अनुपम शर्मा, उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व मोहित सूद सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ, जिला संयोजक जय प्रताप भदौरिया एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।